क्रम-संख्या–181 (घ)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस0एस0पी0/एल0
डब्लू/एन0पी0–91/2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (क)

(सामान्य परिनियम नियम)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 16 सितम्बर, 2021

भाद्रपद 25, 1943 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

श्रम अनुभाग–3

संख्या 1738/36-3–2021-103(सा0)-2020
लखनऊ, 16 सितम्बर, 2021

अधिसूचना

सा0प0नि0–100

चूँकि, मजदूरी संहिता, 2019 (अधिनियम संख्या 29 सन् 2019) की धारा 67 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा बनायी जाने हेतु प्रस्तावित उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2021, सरकारी अधिसूचना संख्या 1505/छत्तीस–3–2020–103(सा0)/2020, दिनांक 25 फरवरी, 2021 द्वारा उक्त अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के पैंतालीस दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पूर्व आपत्तियां एवं सुझाव आमंत्रित करते हुए मजदूरी संहिता, 2019 (अधिनियम संख्या 29 सन् 2019) की धारा 67 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार प्रकाशित की गयी थी,

और चूँकि, उक्त पैंतालीस दिन समाप्त होने के पूर्व, सम्भावित रूप में प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से प्राप्त आपत्तियों अथवा सुझावों पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 11 अप्रैल, 2021 तक विचार किया जा चुका है,

अतएव, अब, मजदूरी संहिता, 2019 (अधिनियम संख्या 29 सन् 2019) की धारा 67 की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल, निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं, अर्थात् :–

उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2021

अध्याय–एक

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारम्भ

1– (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश मजदूरी संहिता नियमावली, 2021 कही जायेगी।

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में होगा।

(3) यह ऐसे दिनांक से प्रवृत्त होगी, जैसा कि राज्य सरकार अपने आदेश द्वारा अधिसूचित करे।

परिभाषायें

2–(1) जब तक विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में,–

(क) "प्राधिकारी" का तात्पर्य धारा 45 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त प्राधिकारी से है;

(ख) "अपीलीय प्राधिकारी" का तात्पर्य धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त अपीलीय प्राधिकारी से है;

(ग) "अपील" का तात्पर्य धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन की गई किसी अपील से है;

(घ) "बोर्ड" का तात्पर्य राज्य सरकार द्वारा धारा 42 की उपधारा (4) के अधीन गठित राज्य सलाहकार बोर्ड से है;

(ङ) "अध्यक्ष" का तात्पर्य बोर्ड के अध्यक्ष से है;

(च) "संहिता" का तात्पर्य मजदूरी संहिता, 2019 (अधिनियम संख्या 29 सन् 2019), से है;

(छ) "समिति" का तात्पर्य धारा 8 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किसी समिति से है;

(ज) "दिन" का तात्पर्य मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाली 24 घंटे की अवधि से है;

(झ) "प्रपत्र" का तात्पर्य इस नियमावली में संलग्न प्रपत्र से हैं;

(ञ) "अत्यधिक कुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसमें इसके निष्पादन में विनिर्दिष्ट स्तर की उत्कृष्टता की मांग होती है और एक पर्याप्त अवधि में गहन तकनीकी अथवा व्यावसायिक प्रशिक्षण अथवा व्यवहारिक व्यावसायिक अनुभव के माध्यम से अर्जित क्षमता अपेक्षित होती है और साथ ही कर्मचारी से यह अपेक्षा होती है कि वह ऐसे व्यवसाय के निष्पादन में सम्मिलित अपने निर्णय या विनिश्चय के लिए सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वीकार करे;

(ट) "निरीक्षक–सह–सुविधा प्रदाता" का तात्पर्य धारा 51 की उपधारा (1) के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से नियुक्त व्यक्ति से है;

(ठ) "सदस्य" का तात्पर्य बोर्ड के किसी सदस्य से है, जिसमें इसका अध्यक्ष भी सम्मिलित है;

(ड) "गैर मेट्रोपोलिटन क्षेत्र" का तात्पर्य ऐसे सुसम्बद्ध क्षेत्र से है, जिसकी जनसंख्या दस लाख से अधिक, किन्तु चालीस लाख से कम हो, जिसमें एक या अधिक जिले सम्मिलित हैं;

(ण) "जनसंख्या" का तात्पर्य ऐसी जनसंख्या से है, जो पूर्व जनगणना में निर्धारित की गई है और जिसके संगत आकड़े प्रकाशित किये गये हैं;

(त) "पंजीकृत व्यवसाय संघ" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय संघ से है, जो व्यवसाय संघ अधिनियम, 1926 (अधिनियम संख्या 16 सन् 1926) के अधीन पंजीकृत है;

(थ) "ग्रामीण क्षेत्र" का तात्पर्य ऐसे क्षेत्र से है, जो मेट्रोपोलिटन क्षेत्र अथवा गैर मेट्रोपोलिटन क्षेत्र नहीं है;

(द) "अनुसूची" का तात्पर्य इस नियमावली से संलग्न अनुसूची से है;

(ध) "धारा" का तात्पर्य, इस संहिता की धारा से है;

(न) "अर्द्धकुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसके निष्पादन में काम पर अनुभव द्वारा प्राप्त कौशल का उपयोग अपेक्षित होता है और कुशल कर्मचारी के पर्यवेक्षण अथवा मार्गदर्शन में इसका उपयोग किये जाने लायक होता है और इसमें अकुशल व्यवसाय का पर्यवेक्षण भी सम्मिलित है;

(प) "कुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसमें इसके निष्पादन में काम पर अनुभव के द्वारा अथवा तकनीकी या व्यावसायिक संस्थान में प्रशिक्षु के रूप में प्रशिक्षण के माध्यम से कुशलता और सक्षमता अपेक्षित होती है और जिसके निष्पादन में पहल करने तथा निर्णय करने की आवश्यकता होती है;

(फ) "अकुशल व्यवसाय" का तात्पर्य ऐसे व्यवसाय से है, जिसमें इसके निष्पादन में केवल प्रचालन अनुभव के उपयोग की आवश्यकता होती है और इसमें कोई अतिरिक्त कौशल सम्मिलित नहीं होती है।

(2) इस नियमावली में प्रयुक्त तथा अपरिभाषित अन्य समस्त शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो उक्त संहिता में उनके लिये क्रमशः समनुदेशित हों।

अध्याय–दो
न्यूनतम मजदूरी

मजदूरी की न्यूनतम दर की गणना की रीति

3–(1) धारा 6 की उपधारा (5) के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित मापदण्ड को ध्यान में रखते हुए, दैनिक आधार पर न्यूनतम मजदूरी दर नियत की जायेगी, अर्थात्:–

(क) मानक श्रमिक वर्ग परिवार, जिसमें कमाने वाले कर्मकार के अलावा उसकी पत्नी या पति और दो बच्चे, सम्मिलित हैं, जो तीन वयस्क उपभोग इकाईयों के समान हैं;

(ख) प्रतिदिन प्रति उपभोग इकाई हेतु निवल 2700 कैलोरी की खपत;

(ग) प्रति मानक श्रमिक वर्ग परिवार के लिए प्रतिवर्ष 66 मीटर कपड़ा;

(घ) आवासीय किराया व्यय, जो भोजन और वस्त्र व्यय का 10 प्रतिशत होगा;

(ङ) ईंधन, बिजली और अन्य विविध मदों के व्यय, जो न्यूनतम मजदूरी की 20 प्रतिशत होगी;

(च) बच्चों की शिक्षा का व्यय, चिकित्सा आवश्यकतायें, मनोरंजन एवं अन्य आकस्मिक मदों पर व्यय, जो न्यूनतम मजदूरी का 25 प्रतिशत होगा।

(2) जब एक दिन के लिए मजदूरी की दर नियत की जाती है, तब एक घंटे की दर के लिए ऐसी मजदूरी को 6 से भाग और 1 महीने की मजदूरी की दर नियत करने के लिए छब्बीस से गुणा किया जायेगा और ऐसे भाग और गुणा में आधे या आधे से अधिक भागफल और गुणनफल को अगले अंक में पूर्णांकित किया जायेगा और आधे से कम भागफल और गुणनफल को नजर–अंदाज किया जायेगा।

दुष्कर कार्य पर विचार किया जाना

4–(1) धारा 6 के अधीन मजदूरी की न्यूनतम दर नियत करते समय राज्य सरकार सम्बन्धित भौगोलिक क्षेत्र को तीन वर्गों अर्थात मेट्रोपोलिटन क्षेत्र, गैर–मेट्रोपोलिटन क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र में विभाजित करेगी।

(2) कर्मकार द्वारा किये गये दुष्कर प्रकृति यथा गर्मी अथवा आर्द्रता जो सामान्यतः सहन करना कठिन है, खतरनाक व्यवसायों या प्रक्रियाओं वाले कार्य या भूमिगत कार्यों में इस संहिता के अधीन संलग्न कर्मकारों को संदेय मजदूरी को नियत किये जाते या पुनरीक्षित किये जाते समय राज्य सरकार एक विशेषज्ञ समिति गठित कर सकती है जैसा कि वह आवश्यक समझे।

अध्याय–दो
न्यूनतम मजदूरी

धारा 8 के प्रयोजनार्थ तकनीकी समिति

5–(1) राज्य सरकार कौशल वर्गीकरण के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार को सलाह देने के प्रयोजनार्थ एक तकनीकी समिति गठित करेगी, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात्:–

(क)	श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश	–अध्यक्ष
(ख)	श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट अपर श्रमायुक्त	–सदस्य
(ग)	सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यम विभाग उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधि	–सदस्य
(घ)	निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश सरकार	–सदस्य
(ङ)	श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा यथा नामनिर्दिष्ट मजदूरी निर्धारण के क्षेत्र के दो तकनीकी विशेषज्ञ; और	–सदस्य
(च)	श्रम आयुक्त द्वारा नामनिर्दिष्ट उप/ सहायक श्रमायुक्त	सदस्य–सचिव

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट तकनीकी समिति, राज्य सरकार को सलाह देते समय यथा सम्भव सीमा तक राज्य व्यवसाय वर्गीकरण अथवा राज्य कौशल अर्हता ढाँचे अथवा व्यवसायों की पहचान करने के लिए तत्समय बनाये गये अन्य समान ढाँचे को ध्यान में रखेगी।

(3) उप नियम (1) के अधीन गठित तकनीकी समिति की सलाह पर राज्य सरकार इस नियमावली की अनुसूची ''क'' में विनिर्दिष्ट ऐसे प्रचालन के वर्गीकरण में किसी प्रविष्टि में संशोधन, अपमार्जन और परिवर्धन करते हुये कर्मचारियों के व्यवसायों को चार श्रेणियों– अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल तथा अतिकुशल में वर्गीकृत कर सकेगी।

मंहगाई भत्ते के पुनरीक्षण के लिये समय अन्तराल

6–प्रयास किया जाएगा ताकि न्यूनतम मजदूरी पर कर्मचारियों को संदेय महंगाई भत्ते को पुनरीक्षित करने के लिये निर्वाह भत्ते की लागत और रियायती दर पर आवश्यक वस्तुओं के सम्बन्ध में रियायत के नकद मूल्य की संगणना, प्रत्येक वर्ष एक बार 01 अप्रैल के पूर्व और तत्पश्चात 01 अक्टूबर के पूर्व की जायेगी। इस प्रकार आगणित पुनरीक्षित महंगाई भत्ता यथास्थिति 01 अप्रैल या 01 अक्टूबर, से संदेय होगा।

एक सामान्य कार्य दिवस के निर्धारण के लिए कार्य के घंटों की संख्या

7–(1) धारा 13 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन सामान्य कार्यदिवस में कार्य के आठ घंटे सम्मिलित होंगे और एक या अधिक विश्राम अन्तरालों सहित अन्तराल समय एक घंटे से अधिक नहीं होगा।

(2) किसी कर्मचारी के कार्यदिवस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जायेगा कि उसका फैलाव, विश्राम अन्तरालों, यदि कोई हैं, को मिलाकर किसी भी दिन बारह घंटे से अधिक नहीं होगा।

(3) कृषि रोजगार में नियोजित किसी कर्मचारी के मामले में उपनियम (1) व (2) के उपबंध, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर किये जाने वाले ऐसे संशोधनों के अध्यधीन होंगे।

(4) इस नियम की किसी बात से कारखाना अधिनियम, 1948 (अधिनियम संख्या 63 सन 1948)/ व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और सेवा–शर्त संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 37 सन् 2020) तथा उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान अधिनियम, 1962, (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 26 सन् 1962) के उपबंध प्रभावित नहीं समझे जायेंगे।

(5) इस नियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी यदि कोई कर्मचारी, किसी ऐसे कारण से, जो कि नियोजक की भूमिका या उसके उत्तरदायित्व से जोड़ा नहीं जा सकता हो, कार्य करने में असमर्थ है तो कर्मचारी सामान्य कार्यदिवस के लिए पूर्ण मजदूरी का हकदार नहीं होगा और उसकी मजदूरी की गणना कर्मचारी द्वारा उस दिन वास्तविक रूप से किये गये कार्य के घंटे के अनुसार की जायेगी।

साप्ताहिक विश्राम दिवस

8–(1)इस नियम के उपबंधों के अध्यधीन प्रत्येक कर्मचारी को प्रत्येक सप्ताह एक विश्राम दिवस दिया जायेगा (जिसे आगे 'विश्राम दिवस' कहा जायेगा) जो सामान्य रूप से रविवार होगा किन्तु नियोजक, सप्ताह में किसी अन्य दिवस को किसी कर्मचारी अथवा कर्मचारी वर्ग के लिए विश्राम दिवस नियत कर सकता है:

परन्तु यह कि कोई कर्मचारी इस उपनियम के अधीन विश्राम दिवस का हकदार होगा, यदि उसने उसी नियोजक के अधीन निरन्तर अन्यून छः दिन की अवधि तक काम किया हो:

परन्तु यह और कि कर्मचारी को विश्राम दिवस के रूप में नियत दिवस और बाद में विश्राम दिवस में परिवर्तन की सूचना, परिवर्तन प्रभावी किये जाने से कम से कम अड़तालिस घंटे पूर्व इलेक्ट्रानिक रूप से या हस्तकृत रूप से दी जायेगी और कर्मचारी द्वारा यथा अभिहित सूचना पट्ट पर उस आशय की सूचना प्रदर्शित करके दी जायेगी।

स्पष्टीकरणः– निरन्तर अवधि की संगणना के प्रयोजनार्थ किसी भी दिन, जब कर्मचारी का कार्य करना अपेक्षित हो, किन्तु उसे उपस्थिति के लिए केवल भत्ता दिया जाता हो और उसे काम नहीं दिया जाता हो तब औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020) के अधीन प्रतिकर के भुगतान पर किसी कर्मचारी को कामबंदी पर रखा जाता है तथा विश्राम दिवस के तुरन्त पहले छः दिन की अवधि में नियोजक द्वारा कर्मचारी को सवेतन अथवा वेतन रहित छुट्टी या अवकाश दिया जाता है तब उन्हें वे दिन माने जायेंगे जिस दिन कर्मचारी ने काम किया है।

(2) किसी कर्मचारी से विश्राम दिवस पर काम करने की अपेक्षा नहीं की जायेगी या उसे काम करने की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि उसने विश्राम दिवस के तुरन्त पहले या बाद में पाँच दिवसों में से किसी एक पूर्ण दिवस का प्रतिस्थापित विश्राम दिवस न लिया हो, अथवा नहीं लेगाः

परन्तु यह कि कोई भी ऐसा प्रतिस्थापन नहीं किया जायेगा, जिसके परिणामस्वरूप कर्मचारी को पूर्ण विश्राम दिवस के बिना लगातार दस दिन से अधिक काम करना पड़े।

(3) इस नियम के पूर्ववर्ती उपबंधों के अनुसार जहाँ कोई भी कर्मचारी विश्राम दिवस पर काम करता है और उसे विश्राम दिवस के पहले या बाद में पाँच दिन में किसी भी दिन प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया जाता है तब विश्राम दिवस को, काम के सप्ताहिक घंटों की गणना के प्रयोजनार्थ उस सप्ताह में गिना जायेगा, जिसमें प्रतिस्थापित दिन आया है।

(4) कर्मचारी को दी जायेगीः–

(क) विश्राम दिवस के अगले पूर्ववर्ती दिवस के लिए लागू दर पर आगणित मजदूरी;

(ख) जहाँ पर वह विश्राम दिवस पर काम करता है और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया हो तब उसे उसी विश्राम दिवस के लिए अतिकाल दर से मजदूरी, तथा प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के लिए लागू दर पर तत्काल पूर्ववर्ती दिवस की मजदूरी का भुगतान किया जायेगा;

परन्तु यह कि जहाँः–

(एक) संहिता के अधीन यथा अधिसूचित कर्मचारी की मजदूरी की न्यूनतम दर, मजदूरी की न्यूनतम मासिक दर से छब्बीस से भाग करके निकाली गई हो; या

(दो) कर्मचारी की वास्तविक दैनिक मजदूरी दर, मजदूरी की मासिक दर को छब्बीस से भाग करके निकाली गई हो और ऐसी वास्तविक दैनिक मजदूरी दर अधिसूचित न्यूनतम दैनिक दर से कम न हो;

तब विश्राम दिवस के लिए कोई मजदूरी देय नहीं होगी; और

(तीन) कर्मचारी ने विश्राम दिवस पर काम किया हो और उसे प्रतिस्थापित विश्राम दिवस दिया गया हो तब उसे केवल उसी विश्राम दिवस के लिए अतिकाल दर से देय मजदूरी के बराबर राशि दी जायेगी, जिस दिवस को उसने काम किया हो;

और यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है कि क्या इस परन्तुक के उपबंधों के अनुसार दैनिक मजदूरी दर निकाली गई है, तब श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश अथवा क्षेत्रीय अधिकारिता रखने वाले अपर/उपश्रमायुक्त, इस निमित किये गये आवेदन पर सम्बंधित पक्षकारों को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात् विनिश्चय कर सकता है:

परन्तु यह और कि यदि कोई कर्मचारी मात्रानुपाती दर प्रणाली से शासित होता है, तब यथास्थिति विश्राम दिवस अथवा प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के लिए, मजदूरी वही होगी, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा उस रोजगार के सम्बन्ध में उक्त संहिता के अधीन नियत न्यूनतम मजदूरी दर को ध्यान में रखते हुए समय–समय पर अवधारित किया जाय।

स्पष्टीकरणः– इस उप नियम में अगले पूर्ववर्ती दिवस का तात्पर्य ऐसे अन्तिम दिवस से है जिस दिवस को कर्मचारी ने काम किया हो जो यथास्थिति विश्राम दिवस या प्रतिस्थापित विश्राम दिवस से पहले आता है और जहाँ प्रतिस्थापित विश्राम दिवस के तुरन्त अगले दिवस पर आता है, वहाँ अगले पूर्ववर्ती दिवस का तात्पर्य उस अन्तिम दिवस से है जिस दिवस पर कर्मचारी ने काम किया हो, जो विश्राम दिवस के पहले आता हो।

(5) इस नियमावली के उपबंधों के प्रवृत्त होने से अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल शर्तों, यदि कोई हों पर प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ेगा, जिसमें कोई कर्मचारी किसी अन्य विधि के अधीन अथवा किसी अधिनिर्णय, करार अथवा सेवा संविदा के निबंधनों के अधीन हकदार हो और ऐसी स्थिति में, कर्मचारी केवल पूर्वोक्त अपेक्षाकृत अधिक अनुकूल निबंधनों का हकदार होगा।

स्पष्टीकरण :– इस नियम के प्रयोजनार्थ, "सप्ताह" का तात्पर्य शनिवार रात्रि की अर्द्धरात्रि से प्रारम्भ होनेवाली सात दिवसों की अवधि से है।

रात्रि पाली

9–जहाँ पर कर्मचारी, नियोजन में पाली में काम करता है जो अर्ध–रात्रि के पश्चात् भी चलती है तबः–

(क) नियम 8 के प्रयोजनार्थ पूरे दिवस के लिए विश्राम दिवस का तात्पर्य इस मामले में, उसकी पाली समाप्त होने के समय से प्रारम्भ होकर लगातार 24 घण्टे की अवधि से है; और

(ख) ऐसे मामले में अगला दिवस ऐसी पाली के समाप्त होने के समय से प्रारम्भ होकर 24 घण्टे की अवधि का होगा, और अर्द्धरात्रि के बाद के घण्टों को, जिसके दौरान ऐसे कर्मचारी ने काम किया है, पूर्व दिवस में गिना जाएगा।

धारा 13 की उप धारा (2) के प्रयोजनार्थ सीमा एवं शर्तें

10–यदि कर्मचारी–

(क) आपातस्थिति में कार्यरत हो, जिसका पूर्वानुमान नही किया जा सकता था या उसे रोका नही जा सकता था;

(ख) प्रारम्भिक या पूरक प्रकृति के कार्यों में लगा हुआ हो जिसे अनिवार्य रूप से सम्बन्धित रोजगार में सामान्य कार्य के लिए निर्धारित बाहरी सीमाओं पर कराया जाना चाहिए;

(ग) जिसका रोजगार अनिवार्य रूप से अंतरायिक हो;

(घ) ऐसे कार्य में लगा हुआ हो जिसे तकनीकी कारणों से ड्यूटी समाप्त होने से पूर्व पूरा किया जाना हो;

(ङ) ऐसे कार्य में लगा हुआ हो, जिसे प्राकृतिक शक्तियों की अनियमित क्रिया पर कभी कभी निर्भर होने के सिवाय नही किया जा सकता था;

तब नियम 6, 7 और 8 के उपबंध, इस शर्त के अध्यधीन लागू होंगे कि,–

(एक) कर्मचारी के कार्य घण्टों का फैलाव किसी दिवस में 16 घण्टों से अधिक नही होगा;

(दो) विश्राम के अन्तरालों को छोडकर वास्तविक कार्य घण्टें और निष्क्रियता की अवधि जिसके दौरान कर्मचारी डयूटी पर हो सकता है किन्तु उससे शारीरिक गतिविधि करने या नियमित उपस्थिति के लिए नही कहा जाता है, किसी दिवस में 9 घण्टें से अधिक नही होगी।

लम्बी मजदूरी अवधि

11–मजदूरी के प्रयोजनार्थ मजदूरी अवधि एक माह से अधिक नही होगी।

अध्याय–तीन

मजदूरी का भुगतान

धारा 18 की उप धारा (4) के अधीन वसूली

12–जहाँ धारा 18 की उप–धारा (2) के अधीन प्राधिकृत कुल कटौतियाँ किसी कर्मचारी की मजदूरी के 50 प्रतिशत से अधिक हों, वहाँ अधिक धनराशि को अग्रेनीत किया जाएगा और यथास्थिति उत्तरवर्ती मजदूरी अवधि या अवधियों, में ऐसी किस्तों में वसूल की जाएगी ताकि किसी भी माह में वसूली उस माह में कर्मचारी की मजदूरी की पचास प्रतिशत से अधिक न हो।

धारा 19 की उप धारा (1) के अधीन प्राधिकारी

13–क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त जिसके पास संबंधित कर्मचारी के कार्य स्थल का क्षेत्राधिकार हो, धारा 19 की उप धारा(1) के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी होगा।

धारा 19 की उप धारा (2) के अधीन सूचना प्रदर्शित करने की रीति

14–धारा 19 की उप धारा (2) में निर्दिष्ट सूचना, कार्य स्थल परिसर में, जहाँ पर रोजगार किया जाता है, प्रमुख स्थलों पर सहजदृश्य रूप में प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक संबंधित कर्मचारी सूचना की विषय–वस्तु को आसानी से पढ़ सके और सूचना की एक प्रति अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक–सह–सुविधा प्रदाता के पास अड़तालीस घंटे के भीतर हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रानिक रूप से भेजी जायेगी।

धारा 19 की उप धारा (3) के अधीन प्रकिया

15–(1) प्रत्येक नियोजक जिसके लिये किसी नियोजित व्यक्ति के कार्यों या लोपों के लिये जुर्माना लगाने हेतु अनुमोदन प्राप्त करना अभीष्ट हो, वह अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त को भेजेगा,–

(क) दो प्रतियों में, ऐसे कार्यों एवं लोपों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती हुयी एक सूची;

(ख) ऐसे मामलों में जहाँ नियोजक जुर्माना अधिरोपित करने हेतु एकमात्र व्यक्ति होने की इच्छा नहीं रखता है, अधिष्ठान में नियुक्त ऐसे व्यक्तियों की सूची जिनके ऊपर वह अधिष्ठान में जुर्माना अधिरोपित करने हेतु निर्भर रह सकता है और अधिष्ठान के वर्ग, जिनके ऊपर ऐसे प्रत्येक नियुक्त व्यक्ति पर निर्भर रह सकता है, की दो प्रतियों में सूची प्रदर्शित करते हुये प्रेषित करेगा।

(2) उप नियम (1) में निर्दिष्ट प्राधिकारी, सूची प्राप्त होने के उपरान्त ऐसी जाँच जिसे किया जाना वह अभीष्ट समझे, आदेश पारित कर सकेगा,–

(क) सूची को अनुमोदित न किया जाना;

(ख) सूची को या तो उसके मूल स्वरूप में या उसके द्वारा संशोधित रूप में अनुमोदन किया जाना, इस मामले में, ऐसी सूची को अनुमोदित सूची माना जायेगाः

परन्तु यह कि किसी सूची को अननुमोदित या संशोधित करने का कोई आदेश तब तक पारित नहीं किया जायेगा जब तक कि नियोजक को लिखित में कारण बताने का अवसर न दिया गया हो कि उसके द्वारा प्रस्तुत की गयी सूची को क्यों अनुमोदित किया जाना चाहिये।

(3) नियोजक ऐसी अनुमोदित सूची की एक प्रति को अधिष्ठान के प्रवेश द्वार तथा नोटिस बोर्ड पर अँग्रेजी तथा उसके हिन्दी अनुवाद सहित प्रदर्शित करेगा।

(4) कोई भी जुर्माना, नियोजक या ऐसी नियुक्ति को धारण करने वाले व्यक्ति जिसका नाम उप नियम (1) के खण्ड (ख) में प्रस्तुत की गयी सूची में निर्दिष्ट हो, के अतिरिक्त अधिरोपित नहीं किया जा सकेगा।

(5) कोई व्यक्ति जो किसी नियोजित व्यक्ति के ऊपर जुर्माना अधिरोपित करना चाहता है या किसी नुकसान या हानि के लिये कटौती करना चाहता है, व्यक्तिगत रूप से उक्त व्यक्ति को, ऐसे कार्य या लोप या नुकसान या हानि, जिसके सन्दर्भ में जुर्माना या कटौती अधिरोपित की जानी है, स्पष्ट करेगा और उसका स्पष्टीकरण मौखिक रूप से कम से कम एक व्यक्ति जो उस समय ऐसे स्थान पर मौजूद था, की उपस्थिति में या लिखित रूप में प्राप्त करेगा, जैसा कि नियोजित व्यक्ति द्वारा अधिमान प्रदान किया जाय।

(6) जुर्माना अधिरोपित करने वाला व्यक्ति या नुकसान या हानि के लिये कटौती किये जाने का निर्देश देने वाला व्यक्ति बिना अनावश्यक विलम्ब के नियोजक को समस्त विवरण के साथ अवगत करायेगा और नियोजक ऐसे जुर्माने या कटौती को प्रपत्र–1 में विनिर्दिष्ट रजिस्टर में अनुरक्षित करेगा।

कटौती की सूचना

16–(1) जहाँ कोई नियोजक धारा 20 की उप धारा (2) के परन्तुक के अधीन कोई कटौती करता है, वहाँ नियोजक सम्बन्धित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करेगा और अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक–सह–सुविधा प्रदाता को ऐसी कटौतियों तथा उसके कारणों को निर्दिष्ट करते हुये, ऐसी कटौती किये जाने के दिनाँक से दस दिन के भीतर हस्तकृत रूप से या इलेक्ट्रानिक रूप से देगा।

(2) निरीक्षक–सह–सुविधा प्रदाता, उप–नियम (1) के अधीन सूचना प्राप्त करने के पश्चात ऐसी सूचना की जाँच करेगा और यदि वह यह पाता है कि उसमें दिया गया स्पष्टीकरण, संहिता के किसी उपबंध या उसके अधीन बनायी गयी नियमावली के उल्लंघन में है, तब वह संहिता के अधीन नियोजक के विरूद्ध उपयुक्त कार्यवाही प्रारम्भ करेगा।

धारा 21 की उप धारा (2) के अधीन कटौती की प्रक्रिया

17–यदि कोई नियोजक, किसी कर्मचारी के वेतन से धारा 21 की उप धारा (1) के अधीन नुकसान अथवा हानि के लिए किसी कर्मचारी की मजदूरी से कटौती करना चाहता है, तो वह,–

(1) ऐसे कर्मचारी को उसे स्पष्ट रूप से सौंपे गये सामानों की क्षति या नुकसान के लिए अभिरक्षा हेतु या ऐसी धनराशि की क्षति हेतु जिसके लिये उसका जिम्मेदार होना अपेक्षित हो, तथा किस प्रकार से ऐसे नुकसान अथवा क्षति के लिए प्रत्यक्ष रूप से उस कर्मचारी की उदासीनता अथवा चूक उत्तरदायी है के सम्बन्ध में व्यक्तिगत रूप से लिखित में कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करेगा; और

(2) तत्पश्चात् सम्बंधित कर्मचारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् पूर्वोक्त उपधारा के अधीन कटौती करने वाले किसी आदेश के सम्बन्ध में सूचना सम्बंधित कर्मचारी को ऐसी कटौती किये जाने के कम से कम सात दिन पूर्व देगा।

धारा 23 के अधीन अग्रिम वसूली के सम्बन्ध में शर्तें

18–वसूली, यथास्थितिः–

(1) धारा 23 खण्ड (ख) के अन्तर्गत नियोजन प्रारम्भ होने के पश्चात कर्मचारी को दिया गया अग्रिम धन; या

(2) किसी कर्मचारी को वेतन का अग्रिम जो उसने धारा 23 के खंड (ग) के अंतर्गत अर्जित नहीं किया है;

नियोजक द्वारा अवधारित किस्तों में सम्बन्धित कर्मचारी के वेतन से, की जायेगी तथा ऐसी कटौतियों का विवरण प्रपत्र–1 में अनुरक्षित रजिस्टर में दर्ज किया जायेगा।

ऋण की सीमा तथा धारा 24 के अधीन कटौती

19–धारा 18 की उप धारा (2) के खण्ड (छ) के अधीन स्वीकृत ऋण की सीमा तथा केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित भवन निर्माण अथवा अन्य प्रयोजनों के लिए स्वीकृत ऋणों और उनके देय ब्याज की वसूली हेतु ऐसी कटौतियां, ऐसे ऋणों को स्वीकृत करने की सीमा तथा इन पर देय ब्याज दर को विनियमित करने वाले समय–समय पर केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा दिये गये निर्देश अथवा जारी परिपत्र के अध्यधीन होंगी।

अध्याय–चार
राज्य सलाहकार बोर्ड

राज्य सलाहकार बोर्ड, उसकी समितियों तथा उप समितियों का गठन

20 –(1) धारा 42 की उप धारा (4) के अधीन राज्य सरकार एक राज्य सलाहकार परिषद का गठन करेगी।

(2) परिषद, ऐसे व्यक्तियों, जो नियोजक एवं कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करते हों, जैसा कि धारा 42 की उप धारा (6) के खण्ड (क) और (ख) में विनिर्दिष्ट हैं और ऐसे स्वतन्त्र व्यक्तियों, जैसा कि इस उप धारा के खण्ड (ग) में विहित किया गया है, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाये, से मिलकर बनेगी।

(3) धारा 42 की उप धारा (6) के खण्ड (क) में निर्दिष्ट नियोजकों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों की संख्या आठ से कम नहीं होगी और इस उप धारा के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों की संख्या भी आठ से कम नहीं होगी।

(4) धारा 42 की उपधारा (6) के खण्ड (ग) में विनिर्दिष्ट स्वतंत्र व्यक्तियों, जो राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किये जायेंगे, में निम्नलिखित व्यक्ति होंगेः–

(एक) अध्यक्ष;

(दो) राज्य विधान मण्डल के दो सदस्य;

(तीन) अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश सरकार;

(चार) मजदूरी एवं श्रम संबंधी मामलों में विशेषज्ञता रखने वाले दो सदस्य;

(पाँच) एक सदस्य जो औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (अधिनियम संख्या 14 सन् 1947) या औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 (अधिनियम संख्या 35 सन् 2020) के अधीन राज्य सरकार द्वारा गठित औद्योगिक न्यायाधिकरण का पीठासीन अधिकारी या सदस्य हो, या रहा हो।

(5) राज्य सलाहकार बोर्ड, धारा 42 की उपधारा (6) के अनुसार एक या उससे अधिक समितियों या उपसमितियों का गठन कर सकता है।

(6) श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश, राज्य सलाहकार बोर्ड का समन्वयक होगा।

बोर्ड, समितियों तथा उप-समितियों की बैठक

21—बोर्ड तथा उसके द्वारा गठित समितियों तथा उप—समितियों के अध्यक्ष, यथास्थिति, नियम 22 के उपबन्धों के अधीन, किसी भी समय जब वह उचित समझे, बोर्ड की बैठक बुला सकता है:

परन्तु यह कि न्यूनतम आधे सदस्यों द्वारा लिखित माँग प्राप्त होने पर, अध्यक्ष, ऐसी माँग प्राप्त होने के दिनाँक से तीस दिन के भीतर एक बैठक बुलायेगा।

बोर्ड, समितियों और उप-समितियों की बैठकों की नोटिस

22—अध्यक्ष, प्रत्येक बैठक का दिनांक, समय एवं स्थान का निर्धारण करेगा तथा पूर्वोक्त विवरण को सम्मिलित करते हुए बैठक में की जाने वाली कार्यवाही के साथ लिखित नोटिस ऐसी बैठक के नियत दिनाँक से कम से कम 15 दिन पहले, पंजीकृत डाक एवं इलेक्ट्रॉनिक रीति से, प्रत्येक सदस्य को भेजेगा:

परंतु यह कि, आकस्मिक बैठक के मामले में प्रत्येक सदस्य को केवल 7 दिन का नोटिस भी दिया जा सकता है।

अध्यक्ष के कार्य

23—अध्यक्ष—

(एक) बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे:

परन्तु यह कि, किसी बैठक में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में, सदस्य बहुमत से, अपने में से एक सदस्य निर्वाचित करेंगे, जो ऐसी बैठक की अध्यक्षता करेगा;

(दो) बोर्ड की प्रत्येक बैठक की कार्यसूची का निर्धारण करेंगे;

(तीन) जब बोर्ड की बैठक में, कोई मुद्दा मतदान द्वारा निर्धारित किया जाना है, तो मतदान करायेगा तथा बैठक में गुप्त मतदान की गणना करेगा अथवा करायेगा।

गणपूर्ति

24—किसी बैठक में कोई कार्य नहीं किया जाएगा यदि, न्यूनतम एक तिहाई सदस्य तथा नियोजकों एवं कर्मचारियों का न्यूनतम एक—एक प्रतिनिधि उपस्थित नहीं हो:

परंतु यह कि यदि किसी बैठक में एक तिहाई सदस्यों से कम सदस्य उपस्थित हों तो अध्यक्ष ऐसी बैठक को अधिकतम सात दिन के लिए स्थगित कर सकता है तथा स्थगन में कार्य का निस्तारण किया जाना विधिमान्य होगा, भले ही गणपूर्ति की कमी में सदस्य बैठक में भाग ले रहे हों :

परंतु यह और कि ऐसी स्थगित बैठक का दिनांक, समय एवं स्थान सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रीति से या पंजीकृत डाक द्वारा सूचित की जायेगी।

राज्य सलाहकार बोर्ड और राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा गठित समितियों तथा उप-समितियों के कार्य का निस्तारण

25—राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप-समितियों के समस्त कार्यों पर विचार, राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप-समितियों की बैठक में किया जायेगा और उस पर विनिश्चय, उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के मतों के बहुमत से किया जायेगा और समान मत होने की स्थिति में अध्यक्ष के पास निर्णायक मत होगा:

परन्तु यह कि अध्यक्ष, यदि उचित समझे तो यह निदेश दे सकता है कि किसी मामले का विनिश्चय आवश्यक पत्रजातों के परिचालन द्वारा तथा सदस्यों का लिखित मत प्राप्त करके किया जाएगा:

परन्तु यह और कि पूर्ववर्ती परन्तुक के अधीन किसी मामले में कोई विनिश्चय नहीं किया जाएगा जब तक कि अन्यून दो—तिहाई सदस्य इसका समर्थन न करें।

मतदान पद्धति

26—राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप-समितियों में मतदान, सामान्यतः हाथ उठाकर किया जाएगा किन्तु यदि कोई सदस्य मतपत्र द्वारा मतदान की मांग करता है अथवा यदि अध्यक्ष ऐसा विनिश्चय करता है तो मतदान गुप्त मतपत्र द्वारा किया जायेगा और वह इस रीति से किया जायेगा जैसाकि अध्यक्ष विनिश्चित करे।

बैठक की कार्यवाहियाँ

27—(1) राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप-समितियों की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियाँ, जिनमें अन्य बातों के साथ—साथ बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम दर्शाते हुये, यथा सम्भव बैठक के तुरंत बाद और किसी दशा में अगली बैठक से अन्यून सात दिन पहले, प्रत्येक सदस्य तथा राज्य सरकार को अग्रसारित की जायेंगी।

(2) राज्य सलाहकार बोर्ड, राज्य सलाहकार बोर्ड द्वारा नियुक्त समितियों तथा उप-समितियों की प्रत्येक बैठक की कार्यवाहियों की पुष्टि ऐसे उपान्तरणों, यदि कोई हों, जैसा कि अगली बैठक में आवश्यक समझा जाय, की पुष्टि की जायेगी।

साक्षियों को समन किया जाना और दस्तावेजों का प्रस्तुत किया जाना

28–(1) अध्यक्ष किसी व्यक्ति को साक्षी के रूप में उपस्थित होने के लिये समन कर सकता है यदि वह कर्तव्य निर्वहन के प्रक्रम में अपेक्षित समझे, और वह किसी व्यक्ति से कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है।

(2) प्रत्येक व्यक्ति, जिसे समन किया जाय और जो बोर्ड के समक्ष साक्षी के रूप में प्रस्तुत हो, किसी सिविल न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने वाले साक्षियों के लिये भत्ता संदाय हेतु तत्समय प्रवृत्त मान के अनुसार अपने द्वारा कृत व्ययों हेतु भत्ता का हकदार होगा।

बोर्ड और राज्य सलाहकार बोर्ड की समितियों तथा उप-समितियों के सदस्यों का कार्यकाल

29–(1) यथास्थिति अध्यक्ष या किसी सदस्य का कार्यकाल, धारा 42 की उपधारा (6) के अधीन यथास्थिति उसकी नियुक्ति अथवा नामनिर्देशन के दिनांक से प्रारम्भ होने वाले सामान्यतः तीन वर्ष का होगाः

परन्तु यह कि ऐसा अध्यक्ष अथवा कोई सदस्य, तीन वर्ष की उक्त अवधि के समाप्त होने के बावजूद, अपने उत्तराधिकारी की यथास्थिति नियुक्ति अथवा नामनिर्देशन, तक अपने पद पर बना रहेगा।

(2) आकस्मिक रिक्ति को भरने के लिए बोर्ड का नामनिर्दिष्ट स्वतंत्र सदस्य, उस सदस्य के शेष कार्यकाल की अवधि तक के लिए पद पर बना रहेगा जिसके स्थान पर वह नामनिर्दिष्ट किया गया हो।

(3) बोर्ड के आधिकारिक सदस्य, तब तक अपने पद पर बने रहेंगे, जब तक कि उनका स्थान, अन्य आधिकारिक सदस्यों द्वारा न ले लिया जाये।

(4) उपनियम (1), (2) एवं (3) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी बोर्ड के सदस्य, राज्य सरकार के प्रसाद–पर्यन्त अपने पद पर बने रहेंगे।

यात्रा भत्ता

30–राज्य सलाहकार बोर्ड, समितियों और उप-समितियों के अध्यक्ष और गैर–सरकारी सदस्य, अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन के सम्बन्ध में की गयी किसी यात्रा के लिए राज्य सरकार के श्रेणी–क के अधिकारी के लिये लागू न्यूनतम दर पर तथा शर्तों के अध्यधीन यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता तथा ठहराव भत्ता आहरित करने के हकदार होंगे।

अधिकारी और कर्मचारिवर्ग

31–राज्य सरकार, बोर्ड के लिये एक सचिव और बोर्ड की समितियों और उप–समितियों के लिए एक या एक से अधिक सचिवों, जो उत्तर प्रदेश सरकार के उप श्रम आयुक्त से अन्यून तथा बोर्ड, समितियों, उप समितियों के लिये अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति कर सकती है, जैसा कि वह बोर्ड, समितियों और उप–समितियों के संचालन के लिए आवश्यक समझे।

बोर्ड, समितियों और उप-समितियों के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों का त्यागपत्र

32–(1) अध्यक्ष से भिन्न बोर्ड, समितियों और उप-समितियों का कोई सदस्य, अध्यक्ष को लिखित रूप में नोटिस देकर अपनी सदस्यता से त्यागपत्र दे सकता है और अध्यक्ष, राज्य सरकार को सम्बोधित पत्र के द्वारा त्यागपत्र दे सकता है।

(2) कोई त्यागपत्र, उसकी स्वीकृति की सूचना के दिनांक या त्यागपत्र के दिनांक, जो भी कम हो, से 30 दिन की समाप्ति पर प्रभावी होगा।

(3) जब बोर्ड की सदस्यता के लिए कोई रिक्ति होती है या होने की संभावना हो तो अध्यक्ष, उसकी सूचना तत्काल राज्य सरकार को देगा और तब राज्य सरकार संहिता के उपबंधों के अनुसार रिक्ति को भरने के लिये कदम उठायेगी।

सदस्यता का समापन

33–यदि बोर्ड, समितियों और उप-समितियों का कोई सदस्य, अध्यक्ष को पूर्व सूचना दिये बिना, तीन लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो वह उसका सदस्य रहने से प्रविरत हो जायेगा।

निरर्हता

34–(1) कोई व्यक्ति राज्य सलाहकार बोर्ड का सदस्य होने तथा सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किये जाने के लिये निरर्ह हो जायेगा–

(एक) यदि उसे किसी सक्षम न्यायालय द्वारा विकृत चित्त का घोषित कर दिया जाय; अथवा

(दो) यदि वह अनुन्मुक्त दिवालिया हो; अथवा

(तीन) यदि संहिता के प्रारम्भ होने के पूर्व अथवा पश्चात् वह नैतिक अधमता से अन्तर्ग्रस्त किसी अपराध में सिद्ध–दोषी हो।

(2) यदि कोई प्रश्न उठता है कि क्या उपनियम (1) के अधीन कोई निरर्हता हुई है, तो इस पर राज्य सरकार का विनिश्चय अंतिम होगा।

अध्याय–पाँच

असंवितरित बकायों, दावों इत्यादि का भुगतान

धारा 44 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन भुगतान

35–जहाँ संहिता के अधीन कर्मचारी को संदेय कोई धनराशि उसकी मृत्यु होने अथवा उसका ठिकाना न होने के कारण देय हो तथा उक्त धनराशि का भुगतान कर्मचारी के लिये संदेय होने के दिनांक से तीन माह की समाप्ति तक उक्त कर्मचारी के नामनिर्देशिती को न किया जा सके तो नियोजक द्वारा उक्त धनराशि, उक्त तीन माह की अवधि के अन्तिम दिन के पश्चात् पन्द्रह दिन की अवधि व्यतीत होने से पूर्व, डिमांड ड्राफ्ट अथवा इलेक्ट्रानिक अन्तरण के माध्यम से अधिकारिता वाले उत्तर प्रदेश सरकार के क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त के पास जमा की जायेगी, जो अपने पास धनराशि जमा किये जाने के दिनांक के दो माह के भीतर कर्मचारी द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति की पहचान का पता लगाकर उक्त धनराशि का संवितरण करेगा।

धारा 44 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन असंवितरित देयों को जमा किया जाना

36–जहाँ किसी कर्मचारी की मृत्यु के पश्चात् या किसी अन्य कारण से उसका ठिकाना ज्ञात न होने के कारण, इस संहिता के अधीन उसके लिए संदेय कोई धनराशि देय हो अथवा ऐसे कर्मचारी द्वारा नामनिर्देशन न कराये जाने के कारण या किसी अन्य कारण से उसका ठिकाना ज्ञात न होने के कारण असंवितरित रह जाती है, तथा उक्त धनराशि के संदेय हो जाने के दिनांक से तीन माह की समाप्ति तक कर्मचारी के नामनिर्देशिती को संदत्त न की जा सकी हो तो नियोजक द्वारा ऐसी सम्पूर्ण धनराशि, उक्त तीन माह की अवधि के अंतिम दिनांक के पश्चात् पन्द्रह दिन समाप्त होने के पूर्व डिमांड ड्राफ्ट अथवा इलेक्ट्रानिक अन्तरण के माध्यम से अधिकारिता रखने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त के पास जमा की जायेगी।

धारा 44 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अधीन असंवितरित देयों के निस्तारण की रीति

37–(1) नियम 35 और नियम 36 में निर्दिष्ट धनराशि (जिसे आगे इस नियम में ''धनराशि'' कहा गया है) अधिकारिता रखने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त के पास जमा रहेगी तथा उक्त धनराशि केन्द्र अथवा राज्य सरकार की प्रतिभूतियों में विनिधानित की जायेगी अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में नियत जमा के रूप में जमा की जायेगी।

(2) अधिकारिता रखने वाला क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश यथाशक्य-शीघ्र धनराशि से सम्बन्धित विवरणों, जैसा कि क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त द्वारा पर्याप्त समझा जाय से अंतर्विष्ट सूचना कम से कम पन्द्रह दिन के लिए सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा तथा ऐसी सूचना की एक प्रति नियोजक को भी हस्तकृत रूप से तथा इलेक्ट्रानिक रीति, दोनों से भेजेगा।

(3) उपनियम (4) के उपबंध के अध्यधीन, अधिकारिता वाला क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश सरकार भुगतान की जाने वाली उक्त धनराशि, यथास्थिति नामनिर्देशिती या ऐसी धनराशि का दावा कर चुके व्यक्ति के लिये, उसे सुनने का अवसर प्रदान करने के उपरान्त अवमुक्त करेगा जिसके पक्ष में उक्त क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त ने विनिश्चिय किया हो।

(4) यदि यह असंवितरित धनराशि दो वर्ष तक के लिए अदावाकृत रहती है तो, अधिकारिता रखने वाला क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त, उत्तर प्रदेश, ऐसी धनराशि को, ब्याज सहित, यदि कोई हो, उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1965 (अधिनियम संख्या 14 सन् 1965) की धारा 3 के अधीन गठित उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि में अन्तरित करेगा।

(5) उपनियम (4) के अधीन उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि में अन्तरित की गयी ऐसी धनराशि, उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण निधि अधिनियम, 1965 (अधिनियम संख्या 14 सन् 1965) एवं तत्पश्चात् बनायी गयी नियमावली के उपबंधों द्वारा प्रशासित की जायेगी।

अध्याय– छः

प्रपत्र, रजिस्टर, मजदूरी पर्ची

नियोजकों द्वारा अनुरक्षित किये जाने वाले रजिस्टर

38–प्रत्येक नियोजक, जिस पर मजदूरी संहिता, 2019 लागू होता है, एक रजिस्टर अनुरक्षित करेगा–

(1) उक्त संहिता के अनुसार प्रपत्र–एक में की गयी मजदूरी, अतिकाल, जुर्माना, विभिन्न कटौतियों का विवरण उल्लिखित होगा।

(2) प्रपत्र–दो में उक्त संहिता की धारा 50 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार होगा।

इस नियमावली के प्रयोजनार्थ प्रयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्र

39–(1) इस नियमावली के साथ संलग्न और नीचे सारणी में उल्लिखित प्रपत्र, इस नियमावली के विभिन्न उपबंधों के लिये प्रयोग किये जायेंगे–

प्रपत्र संख्या	सम्बन्धित नियम	प्रपत्र की विशिष्टियाँ
तीन	नियम 41	धारा 45 की उपधारा (5) के अधीन एकल आवेदन–पत्र
चार	नियम 42 (1)	प्राधिकार प्रमाण–पत्र
पाँच	नियम 42 (5) (एक)	आवेदन–पत्र के निस्तारण हेतु नोटिस
छः	नियम 42 (6) (एक)	निदेश के आदेश का अभिलेख
सात	नियम 43 (1)	मजदूरी संहिता की धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन अपील
आठ	नियम 43 (3)	मजदूरी संहिता की धारा 49 के अधीन अपील की सुनवाई हेतु प्रत्यर्थी को नियत दिनांक की नोटिस
नौ	नियम 40	मजदूरी पर्ची
दस	नियम 44 (1)	मजदूरी संहिता की धारा 56 की उपधारा (4) के अधीन अपराध के प्रशमन के लिये नियोजक का आवेदन–पत्र
ग्यारह	नियम 44 (2) तथा नियम 44 (3)	मजदूरी संहिता की धारा 56 की उपधारा (1) के अधीन अपराधों का प्रशमन करने हेतु प्रशमनकर्ता अधिकारी द्वारा अतिवर्तनकर्ता नियोजक को नोटिस

(2) धारा 19 की उपधारा (8) के अधीन निर्दिष्ट प्राधिकारी, अधिकारिता रखने वाले क्षेत्रीय अपर/उप श्रमायुक्त होंगे।

मजदूरी पर्ची

40–प्रत्येक नियोजक, मजदूरी का संदाय करने या उसके पूर्व, कर्मचारियों को प्रपत्र–नौ में मजदूरी पर्चियाँ, इलेक्ट्रानिक रूप में या अन्यथा रूप से जारी करेगा।

अध्याय–सात

दावा आवेदनों और अपीलों के निपटान की प्रक्रिया

दावे के लिये प्राधिकारी के समक्ष आवेदन–पत्र

41–धारा 45 की उपधारा (4) में यथा उल्लिखित कोई कर्मचारी या किसी संख्या में कर्मचारियों द्वारा या व्यक्तियों द्वारा, दावे के लिये आवेदन–पत्र, धारा 45 की उपधारा (1) के अधीन यथा अधिसूचित प्राधिकारी के समक्ष, अधिकारिता वाले क्षेत्र, जहां अधिष्ठान अवस्थित है, में ऐसे प्रपत्र में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों के साथ प्रपत्र-तीन में प्रस्तुत कर सकेंगे।

प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये आवेदन पत्रों की प्रक्रिया

42–(1) प्राधिकार–संहिता की धारा 45 की उपधारा (4) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट व्यक्तियों की ओर से कार्य करने का प्राधिकार, प्रपत्र–चार में निर्दिष्ट प्रमाण–पत्र द्वारा दिया जायेगा और, आवेदन–पत्र या अपील की सुनवाई कर रहे यथास्थिति प्राधिकारी अथवा अपीलीय प्राधिकारी, के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा और वह अभिलेख का अंग होगा।

(2) कोई व्यक्ति, जो किसी नियोजित व्यक्ति या व्यक्तियों की ओर से कार्य करने के लिये प्राधिकारी की अनुज्ञा चाहता हो, मामले में अपने हितों को स्पष्ट करते हुए प्राधिकारी को एक संक्षिप्त लिखित कथन प्रस्तुत करेगा तथा प्राधिकारी, इंकार के इस मामले में कारण बताते हुए कथन पर एक आदेश अभिलिखित करेगा और उसे अभिलेख में सम्मिलित भी करेगा।

(3) आवेदन या किसी आवेदन से सुसंगत अन्य दस्तावेज, प्राधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से, प्राधिकारी द्वारा नियत किये जाने वाले समय के दौरान किसी समय पर प्रस्तुत किये जा सकते हैं अथवा उसे पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित किये जा सकते हैं। प्राधिकारी तत्काल प्रत्येक दस्तावेज पर यथास्थिति प्रस्तुत किये जाने या प्राप्त किये जाने का दिनाँक, पृष्ठांकित करेगा या पृष्ठांकित करायेगा।

(4) आवेदन ग्रहण करने से इन्कार किया जाना–

(क) प्राधिकारी, धारा 41 की उपधारा (3) के अधीन अपने समक्ष प्रस्तुत आवेदन को ग्रहण किये जाने से इंकार कर सकता है, यदि आवेदक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात प्राधिकारी का लिखित रूप से अभिलिखित किये जाने वाले कारण से समाधान हो जाता है कि–

(एक) आवेदक ऐसा आवेदन प्रस्तुत करने के लिये हकदार नहीं है; या

(दो) यदि आवेदन धारा 45 की उपधारा (6) के परन्तुक में दिये गये कारणों से बाधित है; या

(तीन) आवेदक धारा 45 के अधीन निदेश किये जाने हेतु पर्याप्त कारण प्रकट नही करता है।

(ख) प्राधिकारी ऐसे आवेदन को ग्रहण करने से इंकार कर सकता है जो, अपर्याप्त रूप से हस्ताक्षरित अथवा स्टांपित हो या अन्यथा रूप से अपूर्ण हो और यदि वह ऐसा करने से इंकार करता है तो उसे त्रुटि की सूचना के साथ तुरन्त वापस कर देगा। यदि आवेदन उसकी त्रुटियों को दूर करते हुए पुनः प्रस्तुत किया जाता है तो पश्चात्वर्ती, प्रस्तुत किए जाने के दिनांक को धारा 45 की उपधारा (6) के परन्तुक के प्रयोजनार्थ, प्रस्तुत किये जाने का दिनांक समझा जाएगा।

(5) पक्षकारों का उपस्थित होना–यदि आवेदन ग्रहण किया जाता है,–

(एक) प्राधिकारी नियोजक से प्रपत्र-पांच में नोटिस द्वारा किसी विनिर्दिष्ट दिनांक को अपने समक्ष ऐसे समस्त सुसंगत दस्तावेजों और साक्ष्यों, यदि कोई हों, के साथ उपस्थित होने की अपेक्षा करेगा और इस प्रकार विनिर्दिष्ट दिनांक की सूचना आवेदक को देगा;

(दो) यदि नियोजक अथवा उसका प्रतिनिधि विनिर्दिष्ट दिनांक को उपस्थित होने में विफल रहता है तो प्राधिकारी सुनवाई के लिये कार्यवाही कर सकता है और आवेदन को एक पक्षीय रूप से अवधारित कर सकता है;

(तीन) यदि आवेदक, विनिर्दिष्ट दिनांक को उपस्थित होने में विफल रहता है तो प्राधिकारी आवेदन को खारिज कर सकता हैः

परन्तु यह कि खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन पारित किसी आदेश को अपास्त किया जा सकता है और सुनवाई हेतु नियत दिनांक की नोटिस विरोधी पक्षकार को तामील करके उक्त आदेश के दिनांक से एक माह के भीतर समुचित कारण दर्शाये जाने पर आवेदन पर सुनवाई की जा सकती है।

(6) कार्यवाहियां अभिलिखित किया जाना–प्राधिकारी–

(एक) समस्त मामलों में, प्रपत्र–छः में उपदर्शित विवरण अंकित करेगा एवं आदेश पारित करते समय, प्रपत्र पर दिनांक सहित हस्ताक्षर अंकित करेगा;

(दो) ऐसे मामले में जहाँ कोई अपील निहित न हो वहां अग्रतर कोई अभिलेख आवश्यक नहीं होगा;

(तीन) ऐसे मामले में जहाँ कोई अपील निहित न हो, प्राधिकारी साक्ष्य का सार अभिलिखित करेगा तथा उस पर अपना हस्ताक्षर करके आदेश या निदेश के अभिलेख में संलग्न करेगा।

(7) सुनवाई को स्थगित किये जाने के कारणों को अभिलिखित किया जाना–यदि प्राधिकारी किसी आवेदन का निस्तारण एक सुनवाई में करने में असमर्थ हो तो वह ऐसे कारणों को अभिलिखित करेगा जिसके कारण स्थगन आवश्यक हुआ हो।

(8) प्रपत्रों पर हस्ताक्षर–आदेश या निदेश के अभिलेख से भिन्न किसी प्रपत्र, जिस पर उस नियमावली के माध्यम से प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जाना अपेक्षित हो, पर उसके निदेश से और उसकी ओर से, इस प्रयोजनार्थ उसके द्वारा लिखित रूप में नियुक्त उससे अधीनस्थ किसी अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किया जा सकता है।

(9) शक्तियों का प्रयोग–धारा 45 की उपधारा (7) द्वारा प्रदत्त सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग करते समय प्राधिकारी, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की प्रथम अनुसूची के सुसंगत आदेशों की प्रक्रिया के सम्बंध में उनके सार को प्रभावित किये बिना, ऐसे परिवर्तनों के साथ, जैसा कि प्राधिकारी को आवश्यक प्रतीत हो अपने समक्ष प्रस्तुत मामले में उन्हें अंगीकृत किये जाने हेतु, सिवाय उनके जहाँ उनका संहिता या इस नियमावली के स्पष्ट उपबंधों के साथ विरोधाभास हो, मार्गदर्शित होगा।

अपील के निस्तारण की प्रक्रिया

43–(1) अपील प्रपत्र–सात में ज्ञापन पत्र में दो प्रतियों में की जायेगी जिसमें एक प्रति पर पूर्णतः या आंशिक रूप से खारिज करने वाले आदेश के प्रति आपत्ति के आधारों को संक्षिप्त रूप में अपास्त करते हुए विहित न्यायालय फीस और संहिता की धारा 45 की उपधारा (2) के अधीन कृत आवेदन उल्लिखित होंगे और उसके साथ उक्त आदेश या निदेश की प्रमाणित प्रति संलग्न की जाएगी।

(2) धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन कोई अपील तब तक संधार्य नहीं होगी जब तक कि अपील ज्ञापन के साथ प्राधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाण–पत्र संलग्न नहीं किया जाता है कि विरोध में अपील किये गये निदेश के अधीन संदेय धनराशि जमा कर दिया है।

(3) जब कोई अपील दायर की जाती है तो प्रत्यर्थी को प्रपत्र–आठ में एक नोटिस जारी की जायेगी।

(4) अपीलीय प्राधिकारी, पक्षकारों की सुनवाई करने के पश्चात् और ऐसी अग्रतर जाँच, यदि कोई हो, के पश्चात् जैसा कि वह आवश्यक समझे, ऐसे आदेश या निदेश, जिसके लिये अपील की गयी हो, की पुष्टि कर सकता है, उसमें परिवर्तन कर सकता है या उसे अपास्त कर सकता है एवं तद्नुसार आदेश देगा।

(5) प्राधिकारी, मामले की सुनवाई किये जाने के पश्चात् आदेश या निदेश या तो तुरन्त या तत्पश्चात्, यथासाध्य शीघ्र, किसी आगामी दिवस में देगा और जब आदेश या निदेश किसी भावी दिवस में किया जाना हो तो वह दिनांक निर्धारित करेगा जिसके प्रयोजनार्थ पक्षकारों या उनके अभिवक्ताओं को सम्यक नोटिस दिया जायेगा।

(6) यथास्थिति कोई नियोजित व्यक्ति या कोई नियोजक या उसका प्रतिनिधि या धारा 45 की उपधारा (5) के अधीन या धारा 49 की उपधारा (1) के अधीन अनुज्ञात कोई व्यक्ति, जिसने निदेश के लिये आवेदन किया हो या कोई अपील किया हो, ऐसे मामले में जिसमें वह पक्षकार हो, यथास्थिति प्राधिकारी या अपीलीय प्राधिकारी के पास दाखिल कृत किसी आवेदन, अपील ज्ञापन या किसी अन्य दस्तावेज का अवलोकन करने हेतु हकदार होगा, और राज्य सरकार द्वारा विहित की जाने वाली फीस का संदाय करने पर उसकी प्रतियां प्राप्त कर सकता है।

अध्याय–8

अपराध तथा शास्तियाँ

धारा 56 की उपधारा (1) के अधीन प्रशमन की रीति

44–(1) धारा 56 की उपधारा (1) के अधीन अपराध का प्रशमन करने का इच्छुक अभियुक्त व्यक्ति इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र–दस में आवेदन इलेक्ट्रानिक रूप से या अन्यथा रीति से उक्त उपधारा (1) के अधीन अधिसूचित राजपत्रित अधिकारी (जिसे आगे प्रशमनकर्ता अधिकारी कहा गया है) को कर सकता है।

(2) उपनियम (1) के अधीन निर्दिष्ट प्रशमनकर्ता अधिकारी, ऐसे आवेदन प्राप्त होने पर स्वयं का यह समाधान करेगा कि क्या संहिता के अधीन अपराध प्रशमनीय है अथवा नहीं है और यदि अपराध प्रशमनीय हो तो वह अभियुक्त व्यक्ति को प्रपत्र–ग्यारह में नोटिस प्रेषित करेगा।

(3) यदि अभियुक्त उपनियम (2) की अपेक्षा का अनुपालन करता है तो प्रशमनकर्ता अधिकारी, ऐसे अपराध के लिये संहिता के अधीन उपबंधित अधिकतम जुर्माने की पचास प्रतिशत धनराशि के लिये, जिसे अभियुक्त द्वारा ऐसे अधिकारी द्वारा प्रपत्र–ग्यारह में जारी प्रशमन नोटिस में विनिर्दिष्ट समय के भीतर संदत किया जायेगा, अपराध प्रशमित करेगा और यदि ऐसे अभियुक्त के विरूद्ध कोई अभियोजन संस्थित न किया गया हो तो अभियोजन के लिये कोई शिकायत अभियुक्त के विरूद्ध संस्थित नहीं की जायेगी।

